ओवर नाइट कैम्प

सेन्ट मोन्ट फोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में स्काउट एवं गाइड के पाठ्यक्रमानुसार कक्षा छटवीं के समस्त छात्र – छात्राओं के लिए दिनांक 6 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2018 तक ओवर नाइट कैम्प का आयोजन किया गया। कक्षा छटवीं के सभी छात्र – छात्राओं ने इस कैम्प में भाग लिया । इस कैम्प में छात्रों को अपना काम स्वयं करना, सामान व्यवस्थित रखना आदि कार्य सिखाए गए । विभिन्न गीत संगीत एवं सांस्कृतिक कार्य क्रमों के द्वारा छात्रों की प्रतिभा को परखने के अवसर दिए गए ।

रात के समय कैम्प फायर में प्रत्येक कक्षा के एक नृत्य तथा रोचक कार्यक्रम के द्वारा मनोरंजन किया गया। सभी कक्षा शिक्षिकाएँ, स्काउट एण्ड गाइड के शिक्षक सभी भैया दीदी तथा विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. पूरे समय उपस्थित थे।

विद्यालय की ओर से पौष्टिक एवं रूचिकर तथा स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई । इस कैम्प के माध्यम से छात्र – छात्राओं में स्वावलम्बन तथा अनुशासन के गुण विकसित हुए। यहाँ पर पेट्रोल सिस्टम के द्वारा छात्र – छात्राओं को अलग अलग कमरों में ठहराया गया। यहाँ पर छात्रों को कठिनाई से निपटने तथा विषम परिस्थिति आने पर बिना डरे उसका मुकाबला करने तथा देशभक्ति के गुण सिखाए जाते है। अपने उत्तर दायित्व के निर्वहन करने तथा जिम्मेदार स्काउट एण्ड गाइड तैयार करने का सबसे सशक्त माध्यम ओवर नाइट कैम्प होता है।